'बिहार बिजनेस कनेक्ट' समिट

चर्चा में क्यों?

हाल ही में बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा आईटीसी मौर्य, नई दिल्ली में 'बिहार बिजनेस कनेक्ट'समिट का आयोजन किया गया। समिट में इंडस्ट्री लीडरों और सरकारी अधिकारियों ने एक मंच पर बिहार में निवेश के अवसरों को तलाशने पर चर्चा की।

प्रमुख बिंदु

- इस समिट का उद्देश्य बिहार के चार प्रमुख क्षेत्रों- कपड़ा और चमड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, आईटी/आईटीईएस और ईएसडीएम तथा सामान्य विनिर्माण में विशेष ध्यान देते हुए निवेश संभावनाओं को रेखांकित करना था। ये क्षेत्र राज्य के औद्योगिक विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप निवेश और विकास के पर्याप्त अवसर प्रस्तुत करते हैं।
- इस कार्यक्रम में बिहार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने भी भाग लिया। इस सम्मेलन में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि अब तक 28 विभिन्न कंपनियों ने राज्य में इथेनॉल उत्पादन में रूचि दिखाई है। इन सबने औसतन 200 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट को अंतिम मंजूरी दे दी है। वेदांता 50 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है, और निकट भविष्य में दो और सौर ऊर्जा संयंत्रों की योजना है।
- बिहार सरकार ने निवेशकों के ज़रिये राज्य में इथेनॉल उत्पादन में 3000 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे बिहार के इथेनॉल उत्पादन में अग्रणी राज्य के रूप में उभरने की संभावना है। साथ ही इससे राज्य के किसानों को बड़ा लाभ पहुँचने की उम्मीद है।
- बिहार के उद्योग मंत्री ने 13-14 दिसंबर 2023 को पटना में आयोजित होने वाले आगामी बिजनेस कनेक्ट समिट 2023 में शामिल होने के लिये उद्यमियों को निमंत्रण भी दिया।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-business-connect-summit